अभ्यास प्रश्नपत्र -2023

कक्षा -12

विषय- व्यवसाय अध्ययन

SET-D

समय:3:00 घंटे **पूर्णांक:80**

निर्देश:–

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(2) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। जिसमें सही विकल्प 6 अंक, रिक्त स्थान 7 अंक, सही जोड़ी 6 अंक, सत्य/असत्य 6 अंक,एक वाक्य में उत्तर 7 अंक के प्रश्न हैं।
(3) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, शब्द सीमा 30 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।
(4) प्रश्न क्र.16 से 19 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं, शब्द सीमा 75 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक आवंटित हैं।
(5) प्रश्न क्र. 20 से 23 तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं, शब्द सीमा 120 शब्द है, प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।
(6) प्रश्न क्र.6 से 23 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिये गए हैं।

1. सही विकल्प चुनिए– **1X6=6**

(I) प्रबंध के कितने स्तर है -
(अ) चार (ब) तीन
(स) दो (द) एक

(II) अनौपचारिक संगठन में क्या कमी हैं -
(अ) उद्देश्य प्राप्ति में सुविधा (ब) सुव्यवस्थित
(स) मानवीय पहलू (द) स्थायित्व

(III) प्रशिक्षण में बल दिया जाता है-
(अ) सैद्धांतिक ज्ञान पर (ब) सर्वांगीण ज्ञान पर
(स) सामान्य ज्ञान पर (द) व्यावहारिक ज्ञान पर

(IV) नियंत्रण प्रबन्ध का कार्य है -
(अ) प्रथम (ब) अंतिम
(स) द्वितीय (द) इनमे से कोई नहीं

(V) ऋण आधारित कोष कौन सा है -
(अ) संचित आय (ब) ऋणपत्र
(स) समता अंश (द) इनमे से कोई नहीं

(VI) उत्पाद से संबंधित विशिष्ट सूचनाएं किस से प्राप्त होती हैं -
(अ) ब्रांडिंग से (ब) पेटेंट से
(स) लेबलिंग से (द) पैकिंग से

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– **1X7=7**

(I) ....प्रबंध का सार है।
(II) टेलर के अध्ययन का केंद्र बिंदु............ था।
(III) वातावरण के ....घटकों पर व्यवसाय का कोई नियंत्रण नहीं होता है।
(IV) नियम................ स्थापित करने में सहायक होते है।
(V) चालू संपत्तियों का योग............. पूंजी कहलाती है।
(VI) भारार्पण सदैव............. की ओर किया जाता है।
(VII) वित्तीय प्रबंध .... के अपव्यय को न्यूनतम करता है।

https://www.mpboardonline.com

3. सही जोड़ियाँ बनाईये– **1X6=6**

	(A)	(B)
(I)	बजट	(अ) वस्तु की पहचान
(II)	पदोन्नति	(ब) उपभोक्ता के अधिकार
(III)	अनौपचारिक संप्रेषण	(स) आंतरिक स्त्रोत
(IV)	नामकरण	(द) विक्रय संवर्धन
(V)	उपहार वितरण	(इ) मौखिक
(VI)	चयन की स्वतंत्रता	(ई) पूर्वानुमान

4. सत्य/असत्य में उत्तर लिखिए– **1X6=6**

(I) चयन एक सकारात्मक प्रक्रिया है।
(II) संप्रेषण सदैव लिखित में होता है।
(III) यदि नियोजन नहीं है तो नियंत्रण का कोई आधार **नहीं** है।
(IV) वित्तीय प्रबंध सामान्य प्रबंध का एक अंग है।
(V) पूंजी बाजार एक संगठित बाजार होता है।
(VI) विपणन एवं विक्रय में अंतर **नहीं** है।

5. एक वाक्य में उत्तर दीजिए– **1X7=7**

(I) हेनरी फेयोल ने प्रबंध के कितने सिद्धांतों का प्रतिपादन किया?
(II) उपयुक्त पद पर उपयुक्त व्यक्ति को रखना क्या कहलाता है ?
(III) निर्देशन के कितने तत्व होते हैं?
(IV) ऋणपत्रों का निर्गमन कब लाभप्रद होता है?
(V) किस पूंजी बाजार का संबंध नए निर्गमनों से होता है?
(VI) मुद्रा बाजार का नियंत्रण किस संस्था द्वारा किया जाता है?
(VII) उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम कब बनाया गया था?

6. प्रबंध की दो विशेषताएं लिखिए। **2**

अथवा

नवप्रवर्तन से क्या आशय है?

7. प्रबंध एक गतिशील प्रक्रिया है समझाइए। **2**

अथवा

प्रबंध के दो मुख्य कार्य बताइए।

8. व्यवसायिक पर्यावरण से क्या आशय है? **2**

अथवा

प्रौद्योगिकी पर्यावरण के किन्ही दो पहलुओं को समझाइए।

9. 'व्यावसायिक पर्यावरण की प्रकृति गतिशील होती है।' स्पष्ट कीजिए। **2**

अथवा

व्यावसायिक वातावरण के संदर्भ में सामान्य और विशिष्ट वातावरण में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

10. नियोजन की कोई एक परिभाषा लिखिए। **2**

अथवा

"नियोजन एक सतत प्रक्रिया है।" समझाइए।

https://www.mpboardonline.com

11. औपचारिक संगठन की कोई दो विशेषताएं लिखिए। 2

अथवा

विकेंद्रीकरण से क्या आशय है?

12. रेखा संगठन से क्या आशय है? 2

अथवा

संगठन के कोई दो उद्देश्य लिखिए।

13. अच्छे ब्रांड का चयन करते समय ध्यान रखने वाली किन्ही दो बातों को समझाइए। 2

अथवा

लेबलिंग के दो कार्य लिखिए।

14. उपभोक्ता को वस्तु क्रय करते समय रखी जाने वाली दो सावधानियों को समझाइए। 2

अथवा

उपभोक्ता की कोई दो समस्याएं बताइए।

15. ईको मार्क स्कीम से क्या आशय है? 2

अथवा

उपभोक्ता संरक्षण से क्या आशय है?

16. गैरमौद्रिक अभिप्रेरणओं के किन्ही तीन प्रकारों को समझाइए। 3

अथवा

औपचारिक एवं अनौपचारिक संप्रेषण में अंतर बताइए।

17. प्रभावशाली नियंत्रण प्रणाली के आवश्यक तत्व लिखिए। 3

अथवा

नियंत्रण के उद्देश्य लिखिये।

18. स्थाई पूंजी तथा कार्यशील पूँजी में अंतर बताइये। 3

अथवा

एक अच्छी वित्तीय नियोजन के गुण लिखिए।

19. स्कंध विपणि के कार्यों को समझाइए। 3

अथवा

पूंजी बाजार एवं मुद्रा बाजार में अंतर बताइए।

20. टेलर तथा फेयोल के विचारों में क्या समानताएं हैं? 4

अथवा

प्रबंध के सिद्धांतों का महत्व स्पष्ट कीजिए।

21. नियोजन का महत्व समझाइए। 4

अथवा

नियोजन की सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

22. भर्ती एवं चयन में अंतर स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

नियुक्तिकरण का महत्व समझाइए।

23. मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाले तत्व या घटक समझाइए। 4

अथवा

वितरण माध्यम के प्रकार समझाइए।

--##--

https://www.mpboardonline.com